प्रतिभा, जुनून या पेशा लिंग आधारित नहीं: ईरानी

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम, रांची में शनिवार को टेडेक्स के 8वें संस्करण का आयोजन किया गया। इसका थीम था 'सिक्के का तीसरा पहलू।' इसमें देश के प्रख्यात वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी भी इसमें बतौर वक्ता शामिल हुईं।

सिक्के के तीसरे पहलू की अवधारणा पर उन्होंने कहा कि 17 की उम्र में जीवन का निर्णय लेना, एक अपरंपरागत रास्ते पर चलना, आसान नहीं था। कहा कि आप एक शांत और परिपक्व दृष्टिकोण से शुरुआत करते हैं, तो इसका काफी प्रभाव पड़ेगा।



आईआईएम रांची में टेडेक्स के आयोजन पर उपस्थित विशेषज्ञ व अतिथि। • हिन्दुस्तान

उन्होंने कहा कि प्रतिभा, जुनून या पेशा लिंग पर आधारित नहीं है। व्यक्ति अपनी प्रतिभा की बदौलत विशिष्ट छाप छोड़ता है। कार्यक्रम में शास्त्रीय नर्तक पद्मश्री से सम्मानित डॉ आनंदा शंकर जयंत, माइक्रोसॉफ्ट आईडीसी के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार, मोहम्मद शम्सोआलम शेख, भारतीय पैरा तैराक और इंडियन ओपन पैरा स्विमिंग में स्वर्ण पदक विजेता 2018, उद्धव कुमार भराली 2019 में पद्म श्री पुरस्कार विजेता, भारतीय आविष्कारक, सेलिब्रिटी शेफ विक्की रत्नानी, सेलिब्रिटी शेफ, मिस फेमिना इंडिया 2018 की फर्स्ट रनरअप मीनाक्षी चौधरी ने हिस्सा लिया।

Hindustan, 12.12.2021, Pg. 06